

## सरस्वती के रूप में संस्कारों के साथ शिक्षा की नई पाठशाला का शुभारंभ

**गंजबासौदा**। शिक्षा, संस्कार और भारतीय संस्कृति के नए अध्याय के रूप में समीपस्थत ग्राम ऊहर में सरस्वती शिशु मंदिर के नए विद्यालय का शुभारंभ हुआ बेतवा ग्राम भारती शिक्षा समिति द्वारा संचालित नवीन सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का शुभारंभ वैदिक एवं सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यार्थियों के पारंपरिक विद्यारंभ संस्कार ने कार्यक्रम को विशेष गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुआ। समारोह की अध्यक्षता श्री रामजानकी आश्रम ऊहर के महंत श्री ऋषिदास जी महाराज ने की। उन्होंने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय केवल शिक्षा देने का कार्य नहीं करते, बल्कि राष्ट्रभक्ति, चरित्र निर्माण और भारतीय जीवन मूल्यों का संस्कार भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर विद्यारंभ संस्कार कराया और उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। मुख्य अतिथि राजेश तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित शिक्षा ही बच्चों को अपनी संस्कृति और जड़ों से जोड़ सकती है। उन्होंने अभिभावकों से अधिक से अधिक बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा से जोड़ने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि सेवा भारती जिला अध्यक्ष राजेश माथुर ने समाज निर्माण में शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला।शिक्षा समिति के सचिव विजय भावसार ने विद्यालय की कार्यप्रणाली और विद्या भारती के उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय भाव, अनुशासन और सामाजिक उत्तरदायित्व का विकास करना है।

### गोपाल नगर में जिम्मेदारों की लापरवाही, मरम्मत के लिए मिलते हैं 10-50 हजार रु.

# स्कूल भवन की छत गिरने से बच्ची घायल

# BRC ने जांच टीम भेजी, नोटिस जारी



**सिरोंज**। शासन के द्वारा स्कूलों की मरम्मत के लिए हर साल 10 हजार से लेकर 50 हजार रुपए तक की राशि उपलब्ध कराई जाती है। उक्त राशि को अधिकांश शालाओं में भ्रष्टाचार करने में उपयोग किया जा रहा है तभी तो गोपाल नगर स्कूल में क्षतिग्रस्त बिल्डिंग की मरम्मत नहीं कराई पहली बरसात में ही स्कूल की छत का प्लास्टर बच्ची के ऊपर गिर गया इसके कारण वहां गंभीर रूप से घायल हो गई। इस लापरवाही के बाद बी आर सी ने मामले की जांच करने के लिए जन शिक्षक को मौके पर भेज और साला प्रभारी तथा इंजीनियर को नोटिस जारी करके स्पष्टीकरण भी मंगा है। दूसरी ओर समस्त साला प्रभारी को रिमाइंडर नोटिस भी जारी करते हुए उक्त राशि से शालाओं में मेंटेनेंस का कार्य करवाए जो बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हो रही उनका कार्य प्राथमिकता से समय से पहले करवा ले लापरवाही मिलने पर गंभीर कार्रवाई की चेतावनी भी जारी की गई है। इस तरह मामला कहीं से घटित ना हो इसके लिए गोपाल नगर स्कूल के शाला प्रभारी जनक सैद और इंजीनियर अनिल शर्मा को भी नोटिस जारी किया गया है इन्होंने मरम्मत की राशि से इसका कार्य समय से पहले क्यों नहीं करवाया उसका जवाब भी मांगा है। इसके बाद आगे कार्रवाई की जाएगी इधर छत का प्लास्टर गिरने से घायल हुई बच्ची का इलाज अस्पताल में चल रहा है। बिल्डिंग की स्थिति को देखते हुए ऐसा प्रतीत साला प्रभारी को बच्चों की जान की कोई परवाह नहीं थी तभी तो इस तरह का गंभीर मामला सामने आया है एक बच्ची तो बुरी तरह से घायल हुई दो अन्य बच्चों को भी चोटे आई है , भवन जर्जर होने की जानकारी होने के बाद भी इन्होंने अनजान बंद कर ध्यान नहीं दिय समय रहते बिल्डिंग की मरम्मत नहीं कराई तभी तो जरा सही बरसात होने पर छत का प्लास्टर नीचे गिर गया गनीमत रही की ज्यादा बच्चों के ऊपर नहीं गिरा नहीं तो बड़ी घटना भी घटित हो सकती है इसके आसपास बैठी दो बच्चियों भी घायल हुई है उनको मामूली चोटे आई है। संबंधित साला प्रभारी और इंजीनियर की देखरेख में जर्जर हो रही बिल्डिंगों की मरम्मत करवाने के लिए शासन के द्वारा मेंटेनेंस के लिए राशि प्रदान की जाती लेकिन उस राशि का प्रयोग सिर्फ कागजों मे अधिकांश शालाओं में करके भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जाता है इस कारण से मरम्मत नहीं हो पाती है बरसात का दौर प्रारंभ होते ही इनका प्लास्टर गिरने लगता है 2003 में ग्राम पंचायत के द्वारा बिल्डिंग बनवाई गई थी उसकी मरम्मत तो हर साल होनी चाहिए लेकिन ऐसा अधिकांश जगह नहीं हो रहा है।

### जिम्मेदारों की अनदेखी या मिलीभगत

स्कूलों में मेंटेनेंस का काम करवाने के लिए विभाग कोसी प्रदान की जाती है जिम्मेदारों के द्वारा उत्तर राशि का उपयोग कहां किया गया उसकी धरातल पर सही तरीके से जांच नहीं की जाती है किस कारण से अधिकांश स्कूलों में मेंटेनेंस का कार्य कागज में हो रहा है या फिर काहे की साला प्रभारी और शिक्षा विभाग के जिम्मेदार मिलकर बच्चों के नाम की राशि को भी ढकने का कार्य कर रहें हैं जितनी भी राशि स्कूलों को प्रदान की गई है उसे राशि की गंभीरता से जांच करवाई जाए तो बड़ा घोटाला मरम्मत के नाम पर भी उजागर हो सकता है।

### इनका कहना है ...

हमने समस्त साला प्रभारी को पहले ही मरम्मत करवाने के दिशा निर्देश जारी किए गए थे इसके बाद भी यहां पर कार्य नहीं करवाएगा इसलिए हमने जांच के लिए गोपाल नगर स्कूल में जन शिक्षक को भेजा और साला प्रभारी तथा इंजीनियर को भी नोटिस जारी किया है साथ ही समस्त शाला प्रभारी को पुनः रिमाइंडर नोटिस भी जारी किया है कि सभी अपनी-अपनी सालों में जर्जर यह क्षतिग्रस्त बिल्डिंग है उनकी मरम्मत करवा ले नहीं तो लापरवाही मिलने पर गंभीर कार्रवाई की जाएगी।

– **जितेंद्र श्रीवास्तव**, बीआरसी

## जनेऊ की डोर से बंधे वेद के स्वर, 48 बटुकों ने किया गुरुकुल जीवन में प्रवेश



**गंजबासौदा**। जीवाजीपुर स्थित वेदांत आश्रम बुधवार को वैदिक संस्कृति के रंग में रंगा नजर आया। शंखध्वनि, वैदिक ऋचाओं और हवन की सुगंध के बीच 48 बटुकों ने यज्ञोपवीत धारण कर वेद अध्ययन की दीक्षा ग्रहण की। संत जगन्नाथदास संस्कृत विद्यालय का नया वेद सत्र प्रारंभ हो गया। परंपरा का निर्वाहन करते हुए आश्रम में बटुकों का मुंडन, प्रायश्चित स्नान, देव पूजन, हवन एवं शांति पाठ कराया गया। महंत शहरिहर दास महाराज ने सभी बटुकों को मंत्र दीक्षा देकर द्वादश तिलक, कंठी एवं यज्ञोपवीत धारण कराया। समारोह में काशी से वेदाचार्य शुभम मिश्र भी शामिल हुए।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**


**ई- निविदा सूचना**

**1) ई-टेंडर संख्या:** RTM-2026-27-63 **2) कार्य का नाम:** GDA-NAD सेक्शन:- मेघनगर और दाहोद स्टेशनों पर कवर शेड का इंतज़ाम और गुड्स शेड की सतह में सुधार **3) अनुमानित मात्रा:** टेंडर शेड्यूल के अनुसार **4) अनुमानित लागत:** ₹ 22,36,87,576.70 **5) बयाना राशि:** ₹ 44,73,800.00 **6) कार्य समापन अवधि:** 24 माह **7) वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:** 26/06/2026 **8) निविदा खुलने की तिथि:** 20/07/2026 विस्तृत निविदा सूचना, अहाता शर्तें एवं अन्य शर्तें **www. ireps. gov.in** पर उपलब्ध हैं

CRY/06/121

Like us on: facebook.com/WesternRly


# 500 बोरी मूंग बरामद, 1200 से अधिक बोरियों का अब भी नहीं मिला सुराग, एक माह बाद भी बरकरार रहस्य





**क्या किसी दबाव में काम कर रही है पुलिस: विधायक देवेंद्र पटेल**

**सिलवानी**। सर्वोदय वेयरहाउस से 1700 से अधिक मूंग से भरी बोरियों के कथित गबन और हेराफेरी का मामला एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पूरी तरह सुलझ नहीं पाया है। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था, जिसके बाद उन्हें जेल भेज दिया गया। एक आरोपी अर्पित जैन को पुलिस रिमांड पर लेकर पूछताछ भी की गई, लेकिन अब तक पूरे मामले से पर्दा नहीं उठ सका है। पुलिस द्वारा आरोपियों की निशानदेही पर करीब 500 बोरी मूंग बरामद की गई थी, जबकि 1200 से अधिक बोरियों का अब तक कोई पता नहीं चल सका है। इतने बड़े पैमाने पर हुई कथित हेराफेरी और शेष माल की बरामदगी नहीं होने से क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं और लोग जांच की प्रगति को लेकर सवाल उठा रहे हैं। मामले में मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन सिलवानी के जिम्मेदार अधिकारी अवधेश गौर तथा सर्वोदय वेयरहाउस की संचालिका एकता जैन की गिरफ्तारी अब तक नहीं हो सकी है। दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से मामले को लेकर लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई है। इस चर्चित प्रकरण की जांच बरेली एसडीओपी, जो वर्तमान में सिलवानी के प्रभारी एसडीओपी का दायित्व भी संभाल रहे हैं, द्वारा की जा रही है।

एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद शेष मूंग की बरामदगी और फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से जांच की दिशा और गति को लेकर सवाल उठ रहे हैं। मीडिया से चर्चा के दौरान सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल ने पुलिस प्रशासन और प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतने बड़े मामले में एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद दोनों फरार आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होना गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि पुलिस प्रशासन पूरी गंभीरता और निष्पक्षता से कार्रवाई करता तो अब तक सभी आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी होती और शेष मूंग भी बरामद कर ली गई होती।

## खेल मैदान में शराब पीने वालों पर पुलिस का शिकंजा ,दो पर केस दर्ज

**माखननगर**। जिले के सबसे बड़े खेल मैदान हाईस्कूल ग्राऊंड जैसी सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों की अब खैर नहीं । थाना प्रभारी कंचन सिंह ठाकुर की पुलिस टीम ने कस्बा भ्रमण के दौरान खेल मैदान में खुले में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों को धर दबोचा और शराब, पानी पाउच व चखना जब्त कर शैलेन्द्र अहिरवार 32 व गोपाल कहार 28 पर आबकारी एक्ट 36 (B) का मामला दर्ज किया। इस मैदान में नगर के खिलाड़ी अपनी प्रेक्टिस करते हैं तो वहीं नगरवासी मैदान में घूमने आते हैं।


**पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल**

**ई- निविदा सूचना**

**निविदा संख्या :** SnT_RTM_PSSA_25_01_R **दिनांक :** 29.06.2026 **1) कार्य का नाम :** पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल में एस एण्ड टी विभाग की विभिन्न सिग्नलिंग परियोजनाओं के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (PSSA) की नियुक्ति **2) कार्य की अनुमानित लागत :** रु 9,06,75,096.0/- **3) बयाना राशि :** रु 18,13,500/- **4) निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य /-**5) बोली पूर्व सम्मेलन :** दिनांक 06/07/2026 समय: 12.00 बजे (IST) **6) निविदा बंद करने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 27/07/2026 समय 15.00 बजे तक **7) तकनीकी निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक 27/07/2026 समय 15.30 बजे के बाद **8) व्यावसायिक निविदा खुलने का समय एवं दिनांक :** दिनांक तकनीकी बोली के मूल्यांकन के बाद सूचित किया जाएगा **9) वैधता :** निविदा खुलने की दिनांक से 120 दिन। **10) कार्य पूरा करने की अवधि :** 24 माह **11) निविदा अनुभाग कार्यालय प्रभार और बोली खोलने का स्थान :** डिप्टी सीएसटीई वर्क्स रतलाम, डीआरएम कार्यालय रतलाम म.प्र. **12) ई-निविदा पोर्टल :** निविदा सिर्फ अनलाइन ई-निविदा पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखा व जमा किया जा सकता है।

CRY/06/120

Like us on: facebook.com/WesternRly



**पश्चिम मध्य रेल**

**मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय**
**टीआरडी शाखा भोपाल**
सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यू.सी./484
दिनांक 29/06/2026

**खुली ई-निविदा सूचना**

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक व समय को ई-टेण्डर आमंत्रित करते है। संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बन्धित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मॅन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेण्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है। **निविदा क्र.:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/484, **कार्य का विवरण:** भोपाल डिवीजनः ओएचई वर्क फॉर प्रोविजन ऑफ एफओबी एट 5 नंबर्स एनएसजी स्टेशनस, पलासनेर (पीएएल), चारखेडा (सीआरके), पगढाल (पीजीएल), धरमकुण्डी (डीकेआई), डूलरिया (डीआरए) इन इटारसी खंडवा सेक्शन (इलेक्ट्रिकल टीआरडी वर्क)। **कार्य समाप्त करने की अवधिः 06 माह। अनुमानित लागत रू. 79,02,461.61 ईएमडी रू. में 1,58,100.00 जमा करने की अंतिम तारीख एवं समयः** 21/07/2026 को 11.00 बजे तक। **वरि.मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी/भोपाल**

057/2026

खान-पान से संबंधित शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 1800111321 पर सम्पर्क करें।


## एडीप योजना शिविर में 50 दिव्यांगजनों का पंजीयन



**गंजबासौदा**। एडीप (ADIP) योजना अंतर्गत दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए एक जुलाई बुधवार को जनपद पंचायत बासौदा के सभागार में खण्ड स्तरीय चिन्हांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एलिम्को उज्जैन से आई विशेषज्ञ टीम द्वारा दिव्यांगजनों का परीक्षण कर उनकी आवश्यकता अनुसार उपकरण वितरण हेतु चिन्हांकन किया गया। शिविर में नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 50 दिव्यांगजनों का परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान पात्र हितग्राहियों का कान की मशीन, ट्राइसाइकिल, मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, छड़ी, वॉकर, रोलेटर, कैलीपर्स सहित अन्य सहायक उपकरणों के लिए पंजीयन किया गया।

## पचमढ़ी जटाशंकर मंदिर में निकला सांप, सर्प मित्र ने किया रेस्क्यू



**पिपरिया**। पचमढ़ी स्थित प्रसिद्ध जटाशंकर महादेव मंदिर में पिछले सोमवार को एक सांप दिखाई देने से श्रद्धालुओं में हलचल मच गई। करीब दो घंटे बाद पचमढ़ी के सर्प मित्र ने सांप को सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ दिया। यह घटना उस समय हुई जब शिवलिंग के आसपास करीब 4 फीट लंबा गोल्डन रंग का एक नाग श्रद्धालुओं को नजर आया। नाग धीरे-धीरे कभी त्रिशूल पर तो कभी शिवलिंग पर रेंगता रहा, लेकिन उसने किसी को नुकसान नहीं पहुंचाया। श्रद्धालु इसे श्रद्धापूर्वक देखते रहे और पूजन-अर्चन करते रहे। सूचना मिलने पर पचमढ़ी के सर्प मित्र देवेंद्र कुमार देवा मंदिर पहुंचे।

### सवालों के घेरे में कानून व्यवस्था

# महिला के साथ लूट और गला दबाकर हत्या का प्रयास

**गंजबासौदा**। नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में जैसे पुलिस नाम का कोई महकमा ही ना हो इसका अंदाजा क्षेत्र भर में बेखौफ हो रही लूट, और चोरी के साथ आसामाजिक घटनाएं और नशे का व्यापार जैसी घटनाओं से लगाया जा सकता है खुलेआम असामाजिक तत्व घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। तो घरों में घुसकर चोर चोरी भी बेधड़क अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। अब तो हद यहां तक हो गई कि अब घरों में महिलाएं और जनता सुरक्षित नहीं है। बासौदा अनुभाग अंतर्गत पुलिस की कार्य प्रणाली पर हर जगह सवालों के घेरे में आ चुकी है। बुधवार को ग्राम गमाखर में 50 वर्षीय महिला के साथ घर में घुसकर उसके साथ बेरहमी से की गई लूट की घटना करने और हत्या तक का प्रयास किया गया। महिला को गंभीर हालत में शासकीय अस्पताल लाया गया अब हालात ऐसे हो तो कोई कैसे सुरक्षित रह सकता है। जनता अब ना तो दिन में सुरक्षित बची और ना ही रात में कोई सुरक्षित। जागते रहो पुलिस सो रही है ...

**छत से अंदर घुसकर घर में सो रही महिला के साथ लूट और हत्या का प्रयास**

मामला देहात थाना के अंतर्गत आने वाले ग्राम गामाखर का बताया गया है। जहां बुधवार के दोपहर 50 वर्षीय प्रीति बाई अपने घर में अंदर से दरवाजे की कुंडी लगाकर सो रही थी। इस दौरान छत के ऊपर से एक अज्ञात व्यक्ति मुंह बांधकर घर के अंदर सो रही प्रीति बाई पर हमला करता है और उसके द्वारा गला दबाकर हत्या करने का प्रयास किया इस दौरान प्रीति बाई और हमलावर के बीच संघर्ष हुआ जिसमें महिला ने अपने बचाव के हर प्रयास किया। लेकिन यह प्रयास ज्यादा देर सफल न हो सके और उक्त अज्ञात आरोपी के द्वारा महिला का गला इतनी जोर से दबाया की उसकी आंखों से खून तक निकल आया और गली में भी काफी निशान आए महिला को बेहोशी की हालत में छोड़ उक्त आरोपी के द्वारा दोनों कानों से बेरहमी से सोने के आभूषण खींच कर निकाल लिए गए और वहीं गले व नाक से भी सोने के आभूषण लेकर भाग खड़ा हुआ। जैसे तैसे महिला को काफी देर बाद होश आया तो आसपास की लोगों को इसकी


**पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank**

मंडल कार्यालय, भोपाल
अरेरा हिल्स, भोपाल
फोन नं. 0755-2550020

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु विक्रय नोटिस**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु **ई-नीलामी विक्रय नोटिस**

आम लोगों को और विशेष रुप से उधार लेने वाला और प्रत्याभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित/वास्तविक कब्जा/सांकेतिक कब्जा (इनमें से जो भी लागू होता हो) प्रतिभूत लेनदार के द्वारा लिया गया है, को ''जहां है जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर निम्नलिखित ऋणियों एव जमानतदारों से बैंक/प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित रुपए की बकाया राशि की वसूली हेतु निम्न दिनांक को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं अग्रिम धनराशि निम्नलिखित है:–

**ई नीलामी दिनांक : 17.07.2026** (ई-नीलामी का समय : प्रात: 11.00 बजे से दोपहर 5.00 बजे तक प्रत्येक 10 मिनिट के असिमित विस्तार के साथ)
**ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि : 16.07.2026 रात्रि 11.00 बजे तक**

| ऋणी/बंधनकर्ता का नाम एवं बंधक संपत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि | मांग नोटिस दि. / कब्जा दिनांक / बकाया राशि |
|---|---|---|
| निविदाकार अपने प्रस्ताव रु. 25000/- (रु. पच्चीस हजार मात्र) के गुणांक में बढ़ा सकेंगे। मंडल कार्यालय, भोपाल \| प्राधिकृत अधिकारी : श्री संदीप साहू\| फोन नं. 0755-2550020/7000086955 | | |
| **मेसर्स संतुष्टि पैकेजिंग इंडस्ट्रीज** प्रोप.: श्री आशीष तिवारी (भौतिक आधिपत्य) लीज़ होल्ड भूमी एवं बिल्डिंग प्लाट नं. 01, इंडस्ट्रीयल एरिया अब्दुलापुर पचामा , सीहोर (म.प्र.), क्षेत्रफल 19602 वर्ग फिट, सीमाऐं : पूर्व – इंडस्ट्रीयल एरिया रोड, पश्चिम– प्लाट नं. 02 (राज इंडस्ट्रीज), उत्तर– सरकारी भूमी , दक्षिण – इंडस्ट्रीयल एरिया रोड, संपत्ति मालिक : श्री आशीष तिवारी पुत्र स्व. श्री राधे श्याम तिवारी (नोट : भूमि बकाया, पट्टा किराया आदि सहित अन्य शुल्क, यदि कोई हो, क्रेता द्वारा वहन किया जाऐगा) | (₹) 39,91,000/- (₹) 3,99,100/- | 03-10-2018 08-10-2020 2041561.40 + दिनांक 01.10.2018 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |
| **श्रीमती सविता सिंह पत्नि श्री रामगोपाल सिंह** (भौतिक आधिपत्य) बंधक संपत्ति का समस्त भूभाग फ्लैट नं. 309 ए, तृतीय तल, ब्लॉक –ए, खासरा नं. 310,314,316/2, मेसर्स शशि प्रोप्रटीस एंड कन्स्ट्रक्शन द्वारा विकसित एवं निर्मित '' शशि हाईटेक सिटी'', ग्राम– नयापुरा, प.ह.न.38, राजस्व निरिक्षक मंडल 4, विकास खण्ड फंदा, तहसील–हुजूर, जिला–भोपाल में नगर निगम की सीमाओं के अंदर वार्ड नं. 83 (गाइडलाइन पृष्ठ नं. 206 ) में स्थित है। क्षेत्रफल : 680.78 वर्ग फिट। सीमाएं – पूर्व – कॉलोनी रोड, पश्चिम–रास्ता,उत्तर– फ्लैट नं. 308, दक्षिण – फ्लैट नं. 310, संपत्ति मालिक : श्रीमती सविता सिंह एवं श्री नितिन यादव | (₹) 9,92,000/- (₹) 99,200/- | 05-11-2019 24-08-2020 ₹ 1770390.00 + दिनांक 01.11.2019 से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे |

**नियम एवं शर्ते :–** 1. विक्रय सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम व शर्तों के आधीन होगा तथा निम्नलिखित शर्तो का पालन करना होगा। 2. सम्पत्तियों की बिक्री ''जहां है जैसा है एवं जिस अवस्था में है'' के आधार पर होगी। 3. ऊपर वर्णित सम्पत्तियों का विवरण प्रतिभूत लेनदार को प्राप्त जानकारी के आधार पर है। किन्तु प्रतिभूत लेनदार किसी भी त्रुटि, गलत जानकारी, घोषणा में चूक लिये जिम्मेदार नहीं होगा। 4. विक्रय अधिकृत ऑनलाईन ई-निलामी सेवा प्रदाता के द्वारा **दिनांक 17/07/2026 को वेबसाइट https://baanknet.com** पर किया जायेगा। इच्छुक बोली लगाने वाले / खरीददारों को नीलामी के उचित समय से पहले बैंक से मान्यता प्राप्त सेवा प्रदाता PSB Alliance के संबंधित ई-नीलामी वेब पोर्टल **https://baanknet.com** में रजिस्ट्रेशन कर अपने ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ऑनलाईन मोड का उपयोग करके ईएमडी राशि को ट्रांसफर करना होगा। यदि ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में ईएमडी राशि उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम बोली लगाने की अनुमति नहीं देगा। बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तो के लिए **https://baanknet.com** और **www.pnb.bank.in** पर देखें।

दिनांक : 01/07/2026, स्थान : भोपाल

**प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक**